# बायो गैस और बायो डीजल के 12 निवेश प्र्रस्ताव मंजूर

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपीनेडा की गुरुवार को हुई राज्य स्तरीय समिति की बैठक में कम्प्रेस्ड बायोगैस तथा बायो डीजल के उत्पादन संयंत्रों की स्थापना के लिए 550 करोड़ रुपये के 12 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

अपर मुख्य सचिव ऊर्जा महेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई यूपीनेडा मुख्यालय में बैठक में भूमि बैंक लोन सहित अन्य जरूरी औपचारिकताएं पूर्ण करने वाले प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। यूपीनेडा द्वारा 20 निवेश प्रस्ताव समिति के समक्ष रखे गए थे। यूपीनेडा के निदेशक अनुपम शुक्ला ने बताया कि स्वीकृत इन 12 परियोजनाओं से 93 टन सीबीजी तथा 44 किलोलीटर बायो डीजल का उत्पादन प्रतिदिन प्रदेश में होगा।